## 2023–2025 बैच के भारतीय वन सेवा परिवीक्षाधीन अधिकारियों का संस्थान भ्रमण

दिनांक 22/01/2025 को वर्ष 2023–2025 बैच के भारतीय वन सेवा 16 अधिकारियों (परिवीक्षाधीन) ने संस्थान का भ्रमण किया। संस्थान के संचालक, श्री प्रदीप वासुदेवा एवं उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख श्रीमती सीमा द्विवेदी के द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। संचालक महोदय के द्वारा संस्थान का परिचय प्रदान कर वानिकी से संबंधित जानकारियाँ एवं विभाग में अपने कार्य के अनुभव को साझा किया।

संस्थान के डॉ. अर्चना शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. अनिरूद्ध मजूमदार, वैज्ञानिक, डॉ. उदय होमकर, श्री अमित पाण्डेय, डॉ. अवधेश शर्मा, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी द्वारा क्रमशः वन उत्पादकता, लाख, जैव विविधता–अरण्य वीथिका, हरबेरियम एवं जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उन्हें प्रदान की गई।








